# बुटाटी में 22 करोड़ की दान गड़बड़ी का आरोप

## 146 दिन के बाद जांच की रिपोर्ट सौंपी डीएम ने

## 2.60 करोड़ मूल्य के आभूषण हुए गायब




**बुटाटी, 12 जुलाई. राजस्थान के नागौर जिले के बुटाटी स्थित करीब 500 साल पुराने संत श्री चतुरदासजी महाराज मंदिर से जुड़े वित्तीय मामलों की जांच में बड़ी अनियमितताओं का दावा किया गया है. जिला कलेक्टर के आदेश पर गठित जांच समिति ने मंदिर समिति के बैंक लेनदेन, अकाउंट्स, वाउचर और अन्य दस्तावेजों की जांच के बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी है।**

रिपोर्ट में चढ़ावे, सोना-चांदी के लेखांकन, निर्माण कार्यों, किराया आय और खर्चों से जुड़े मामलों में गड़बड़ी का उल्लेख किया गया है. डीएम ने 146 दिन के बाद जांच की रिपोर्ट सौंप दी है. जांच समिति के अनुसार, मंदिर समिति के रिकॉर्ड में करीब 22.74 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं का अनुमान लगाया गया है। इसमें 2023-24 और 2024-25 के दौरान करीब 15.16 करोड़ रुपये की अनियमितता और 2025-26 के रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराने के आधार पर 7.58 करोड़ रुपये का अनुमान शामिल है। रिपोर्ट में 2.60 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों के रिकॉर्ड, सीसीटीवी खर्च, ग्राम विकास कार्यों, भोजनशाला निर्माण और अन्य मदों में भी सवाल उठाए गए हैं.

## बदरीनाथ धाम में चढ़ावे की चोरी का खुलासा, जांच रिपोर्ट सौंपी




**देहरादून.** बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे की गिनती के दौरान कथित हेराफेरी के मामले में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की जांच पूरी हो गई है. चार सदस्यीय जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल द्वारा चढ़ावे की रकम में एक से अधिक बार गड़बड़ी किए जाने की बात सामने आई है। जांच टीम ने 18 पत्रों की रिपोर्ट में घटना से जुड़े तथ्यों, जांच प्रक्रिया और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई सुझाव दिए हैं. सीईओ सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि 2 जुलाई को आरोपी कर्मचारी कई बार नोट ले जाते हुए दिखाई दिया। इसके अलावा 29 जून की गणना के कुछ फुटेज भी जांच में शामिल किए गए हैं। टीम को घटना से करीब 14 दिन पहले तक की ही सीसीटीवी फुटेज मिल सकी, क्योंकि पुराने कैमरों की स्टोरेज क्षमता सीमित थी. साथ ही पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए सीसीटीवी रूम में कर्मचारियों की तैनाती की सिफारिश भी की गई है.

# 405 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

## गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में शुरू किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**नई दिल्ली, 12 जुलाई. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान, उन्होंने करीब 405 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया.**

अहमदाबाद महानगर निगम की ओर से 'मिशन फाइव मिलियन ट्री' के तहत विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया. अमित शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया-



> इनमें से 62 पार्क गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जहां लगभग 16 लाख पौधों का रोपण किया गया है. इन पार्कों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा, वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, प्रदूषण और शहरी गर्मी कम होगी तथा नागरिकों को योग, वॉक और मनोरंजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होंगे. इन ऑक्सीजन पार्कों में 45 पार्कों में बच्चों के लिए प्ले एरिया और 19 पार्कों में खेलकूद की सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं.


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया. इसके अलावा अहमदाबाद नगर निगम, औडा और सड़क व भवन विभाग की लगभग 405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और शिलान्यास किया. इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, अहमदाबाद के मेयर हितेश बारोट, राज्य सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए- अहमदाबाद नगर निगम की ओर से विकसित 101 ऑक्सीजन पार्कों में लगभग 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं.

## जम्मू के जौरियां में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**जम्मू.** जम्मू के बाहरी इलाके जौरियन में एक तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी, जिनमें एक बालिका भी शामिल है. पुलिस ने रविवार को बताया कि जौरियन पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि राजस्थान के गढ़वढ़ी डोसा के रहने वाले भगवान शाही (7) और अभिषेक (10) नाम के दो बालक तथा राजस्थान के कोथपुर की रहने वाली एक बालिका को चांद (12)चक भगवान के एक तालाब में डूब गए। मौजूदा समय ये सभी चक भगवान में रह रहे थे। पुलिस ने कहा, शव बरामद कर लिए गए हैं। मौत की असल वजह का पता लगने के लिए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन लोटस

### उमर ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप



**श्रीनगर, 12 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया.**

श्रीनगर के हजरतबल क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों से संपर्क कर उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए कथित तौर पर 20 से 30 करोड़ रुपये, मंत्री पद और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने जैसे प्रस्ताव दिए गए. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी के एक विधायक ने उन्हें इस कथित प्रस्ताव की जानकारी दी है. उन्होंने यह भी दावा किया कि आर्थिक और राजनीतिक प्रस्ताव सफल नहीं होने के बाद अब पार्टी के विधायकों से दूसरे माध्यमों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक पार्टी और जनता के भरोसे के साथ खड़े हैं. तथा किसी भी प्रकार के कथित प्रलोभन में नहीं आएंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस सबसे बड़ी पार्टी है और कांग्रेस के समर्थन से सरकार चला रही है।

## फिर मंडराया दुनियाभर में ऊर्जा आपूर्ति संकट

**कीमतों में उछाल आने का खतरा**

**रोम 12 जुलाई (स्पुतनिक/वार्ता)** अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव ब?ने के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने और ईंधनों की कीमतों में उछाल आने का खतरा मंडराने लगा है. बड़ी तेल कंपनियों ने दोनों के बीच फिर से शुरू हुई दुश्मनी से दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति कम होने और इनकी कीमतों में वृद्धि होने को लेकर चेतावनी जारी की है.

इटली की बड़ी ऊर्जा कंपनी ईएनआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्लाउडियो डेस्काल्जी ने इल सोले 24 ओरे को दिये साक्षात्कार में कहा कि दुनिया भर में तेल का भंडार कम होने और ऊर्जा स्रोतों के लिए बढ़ती होड़ के बीच हालात कुछ समय के लिए और खराब हो सकते हैं. श्री डेस्काल्जी ने कहा, हम सभी को लगा था कि अमेरिका और ईरान के संघर्ष का समाधान खोज लिया है। उन्होंने कहा. वास्तव में, युद्ध का दोबारा शुरू होना एक ऐसी घटना थी, जिसकी आशंका पहले से ही जताई जा रही थी. गौरतलब है कि खाड़ी संघर्ष शुरू होने के बाद से वैश्विक तेल भंडार औसतन 38 लाख बैरल प्रतिदिन की दर से घट रहा है।

> मई में यह गिरावट बढ़कर 46 लाख बैरल प्रतिदिन हो गई. एशियाई खरीदारों के दोबारा बाजार में लौटने के साथ ही ऊर्जा संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा और तेज होने की संभावना है. इटली को छोड़कर यूरोप में गैस भंडारण क्षमता फिलहाल करीब 47 प्रतिशत ही भरी है, जो निर्धारित 80 प्रतिशत लक्ष्य से काफी कम है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए यूरोपीय देशों को अतिरिक्त 35 अरब घन मीटर गैस की आवश्यकता होगी. श्री डेस्काल्जी ने कहा कि सर्दियों से पहले गैस भंडारण केंद्रों को भरने के लिए यूरोपीय देशों को लगभग 35 अरब घन मीटर गैस की व्यवस्था करनी होगी. ये आशंका ऐसे समय में जताई गयी है.

## बेटे ने मां को सब्जी में दिया जहर, आरोपी गिरफ्तार

**पत्नी को लाने की शर्त बनी वारदात की वजह**

**आगरा, 12 जुलाई.** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के पिढ़ौरा थाना क्षेत्र के बरपुरा गांव में एक महिला को कथित रूप से खाने में जहर देने का मामला सामने आया है. पुलिस के अनुसार, पीड़िता के बेटे रविंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसकी सास फूलवती की तलाश की जा रही है. प्रारंभिक आरोपों के मुताबिक, परिवार में जमीन को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद चल रहा था। इसी दौरान आरोपी की पत्नी मायके चली गई थी. आरोप है कि पत्नी को वापस भेजने के लिए उसकी मां ने रविंद्र के सामने शर्त रखी कि वह अपनी मां को रास्ते से हटा दे।


**TATA**

## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस, तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010

### अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)**
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिवसीय ई-नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोल्लिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **30-07-2026** को बिक्री की जायेंगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **30-07-2026** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड डाफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **29-07-2026** को समय सायं **5.00** बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010** पर जमा किया जाना चाहिए। प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

| क्रं | ऋण खाता क्रं. | ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों)/कानूनी वारिस(सों)/जमानतदा(रों) के नाम | मांग सूचना दिनांक | आरक्षित मूल्य | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9971304 | श्रीमती लक्ष्मी राठौर पति स्व. श्री दिलीप राठौर एवं वैधानिक उत्तराधिकारी, श्री सुरेश राठौर | रु. 3,55,887/- 14-05-2025 | रु. 40,50,000/- अग्रिम जमा राशि (ईएमडी):- रु. 4,05,000/- कब्जे का प्रकार : सांकेतिक | रु. 5,07,538/- 30-06-2026 |

**अचल संपत्ति का विवरण : संपत्ति 1:** अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, प्लॉट नंबर 68 का पूर्वी भाग, अनुकूल नगर कॉलोनी, वार्ड नंबर 07, देवास, क्षेत्रफल 67.50 वर्गमीटर (726.30 वर्ग फीट) **चर्तु:सीमाएँ:** पूर्व: प्लॉट नंबर 67, पश्चिम: उसी प्लॉट का शेष भाग, उत्तर: प्लॉट नंबर 81, दक्षिण: 18 मीटर सड़क

**संपत्ति 2:** अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, प्लॉट नंबर 68 का पश्चिमी भाग, अनुकूल नगर कॉलोनी, वार्ड नंबर 07, देवास, क्षेत्रफल 67.50 वर्ग मीटर (726.30 वर्ग फीट) **चर्तु:सीमाएँ:** पूर्व: उसी प्लॉट का शेष भाग, पश्चिम: प्लॉट नंबर 69, उत्तर: प्लॉट नंबर 81, दक्षिण: 18 मीटर सड़क

**नोट :- बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि बोली जमा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें। नीलामी किसी भी मुकदमे या विवाद के नतीजे पर निर्भर होगी।**

नीलामी में, आम जनता को व्यक्तिगत रुप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालाँकि, इस बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, बेची गई अचल संपत्ति में कोई भी हित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली नहीं लगाएगा, प्राप्त नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

**कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल https://auctionbazaar.com के माध्यम से दिनांक 30-07-2026 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।**

**नियम और शर्ते : 1**. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। **2**. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। **3**. बोली वृद्धि राशि: **रु.10,000/- (दस हजार मात्र) 4**. संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'** के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। **5**. उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्टरूप से अपर्याप्त है। **6**. उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। **7**. संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **23-07-2026** को **सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। **8**. खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। **9**. उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। **10**. उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपीटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदारें संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। **11**. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12**. अन्य किसी विवरण के लिए अथवा ई-नीलामी पर प्रक्रिया ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, **अर्का ईमार्ट प्रायवेट लिमिटेड, 6-3-1090/1/1, दूसरी मंजिल, पार्ट बी, उमा हैदराबाद हाउस, राजभवन रोड़, सोमाजीगुडा, हैदराबाद 500082, ई-मेल आईडी : contact@auctionbazaar.com / support@auctionbazaar.com के माध्यम से अथवा मनीष बंसल, ईमेल आईडी manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी, मोबाइल नंबर 8588983696 पर संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपना प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें। 13.** उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। **14**. उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **https://surl.lu/ltowvf** का संदर्भ लें। **15**. कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

**ह/-**
**(प्राधिकृत अधिकारी)**
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.**

**स्थान : इन्दौर (म.प्र.)**
**दिनांक : 13-07-2026**


## पेज 01 के शेष... यूसीसी जल्द करेंगे लागू...

प्रहलाद पटेल ने लहार के लिए बताया ऐतिहासिक दिन: प्रभारी मंत्री प्रह्लाद पटेल ने लहार के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिले में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं विधायक अम्बरीश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार क्षेत्र को विकास की नई सौगातें दे रहे हैं। उन्होंने छह बड़ी गौशालाओं के भूमिपूजन और रोजगार के नए अवसरों का भी उल्लेख किया।समारोह मंच पर प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल, राकेश शुक्ला, लहार विधायक अम्बरीश शर्मा, भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और कन्या पूजन से हुई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए तथा विभागीय प्रदर्शनी, पोषण, हॉर्टिकल्चर और महिला स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया, आईजी सचिन अतुलकर, डीआईजी सुनील जैन, कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना, एसपी सूरज वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

## संघ की बैठक में राम मंदिर ट्रस्ट का एक्शन प्लान तय !...

यह बैठकें अब क्षेत्रीय स्तर पर होंगी. पूरे देश को संघ ने 11 क्षेत्रों में विभाजित किया है. अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक अब प्रत्येक 3 वर्ष में केवल नागपुर में होगी जिसमें सरकार्यवाह का निर्वाचन होगा. बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 32 अनुसांगिक संगठनों ने हिस्सा लिया इनमें भारतीय जनता पार्टी भी शामिल थी. भाजपा की ओर से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने हिस्सा लिया.

## नितिन नवीन से मिले नरोत्तम मिश्रा...

उन्होंने कहा, अब यह तय हो गया है कि पार्टी से बड़ा कोई व्यक्ति नहीं है. टिकट न मिलना इस बात का जवाब है कि कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है. पार्टी बहुत ऊँचे स्थान पर है और ऊपर से दूर तक देख सकती है। पार्टी के फैसले को पूरे सम्मान के साथ स्वीकार करना और संगठन के लिए काम करना ही हमारा एकमात्र मकसद है. मैं एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर काम करूँगा. मैं श्री आशुतोष तिवारी के नामांकन भरने के समय मौजूद रहूँगा. उन्होंने कहा कि मैं संगठन को दोष नहीं देता और न ही मुख्यमंत्री को दोष देता हूँ. मैं किसी पर उँगली नहीं उठाता. मेरा मानना है कि मेरी तरफ से ही कोई कमी रही होगी. मैं आत्म-मंथन करूँगा और खुद को बेहतर बनाऊँगा. कल मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) अजय जामवाल जी के साथ हमारी बैठक हुई, जिसमें हमने दतिया में जीत, नामांकन भरने और पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं से जुड़े मामलों पर चर्चा की. उन्होंने कहा, मुझे कोई आश्वासन नहीं दिया गया है और ना ही मैंने कोई भरोसा मांगा है. मैं किसी को दोष नहीं दूंगा। मेरे अंदर ही कोई कमी होगी, जिस पर मैं आत्म चिंतन करूंगा. मैं नाराज कभी न था, ना कभी हूं ना कभी होउंगा। श्री तिवारी जीतेंगे। नरोत्तम मिश्रा का जन्म भाजपा में हुआ है और भाजपा में ही मरेंगे.

### आज का इतिहास

- 1830 - राजा राम मोहन राय और अलैकजेंडर डफ ने पांच छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया.
- 1892 - पद्म भूषण से सम्मानित प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका केसरबाई केरकर का जन्म.
- 1929- क्रांतिकारी जतिंद्रनाथ ने अपनी ऐतिहासिक भूख हड़ताल शुरू की .
- 1932 - हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री बीना राय का जन्म.
- 1944 - राजनीतिक दल मिजो नेशनल फ्रंट के राजनीतिज्ञ जोरामथंगा का जन्म.
- 1974 - भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय एक दिवसीय मैच इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले, लीड्स में खेला.
- 1977 - भारत सरकार ने भारत रत्न सहित अन्य नागरिक सम्मानों को वापस लेने की घोषणा की थी.


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री घीसालाल पिता श्री कल्याणमल शर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड एवं उस पर निर्मित मकान पुराना क्रमांक 82, नया क्रमांक 117, बैंक कॉलोनी अन्नपूर्णा रोड़, दशहरा मैदान इंदौर पर स्थित है। यह कि सदर संपत्ति बाबद मूल पंजीकृत विक्रेय पत्र क्र. 1अ/3887/7222 दिनांक 18/12/1975 जो कि स्टेट बैंक ऑफ इंदौर सब ऑर्डिनेट स्टाफ को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी मर्यादित इंदौर के द्वारा श्री घीसालाल पिता श्री कल्याणमल शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया था कही गुम हो गया है जो कि बहुत ढूंडने पर भी नहीं मील रहा है जिसकी सूचना पुलिस थाना अन्नपूर्णा रोड़, इंदौर को दे दी गई है। सदर संपत्ति को उपरोक्त स्वामी द्वारा मेरी पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। अतः सदर संपत्ति एवं उपरोक्त गुम हुए दस्तावेज बाबद किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में मय लेखी दस्तावेजो प्रमाण हमें सूचित करे अन्यथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति मान्य योग्य नहीं होगी।

**आर. सी. बड़जात्या**
फ्लेट नं.1, स्टेट बैंक अभिलाषा सोसायटी 23/2 मनोरमागंज. इंदौर (म.प्र.)
मो. नं. 9425052001



**Chola** Enter a better life

## चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: "चोला क्रेस्ट", सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु.वी.का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032.

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

**'फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्युरिटाइजेशन और रिकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट के एनफोर्समेंट एक्ट, 2002' (और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 9(1) के साथ) के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 और 9)**

'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (साथ में 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' का नियम 9(1)) के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 और 9) आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले (मॉर्गेजर) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार (सिक्योर्ड क्रेडिटर) के पास गिरवी रखी गई थीं और जिनका भौतिक कब्जा 'चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है (जिसे आगे 'चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' कहा जाएगा), उन्हें ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है, जहाँ है" "जैसा है, वैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

ऋण खाता संख्या TL01IND00000044081, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता का नाम: 1. मैसर्स। ईश्वर गृह उद्योग (उधारकर्ता), नंबर 15, रामबली नगर किला, मेदान रोड, इंदौर - 452001। 2. श्री रोहित मेहता (सह-उधारकर्ता) नंबर 97, अखंड नगर, इंदौर - 452005, 3. श्रीमती शांता बाई (सह-उधारकर्ता) नंबर 97, अखंड नगर, इंदौर -452005। बकाया राशि: रु. 32,79,938/- 03.07.2026 तक

**अचल संपत्तियों का विवरण**

आइटम 1: नेहा अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 3, लालबाग रोड, इंदौर (म.प्र.) के ब्लॉक-B, पहली मंज़िल पर स्थित पोर्शन नंबर 102 का पूरा हिस्सा। सुपर बिल्ट-अप एरिया 880 वर्ग फीट। पूर्वः फ़्लैट नंबर 101-B, पश्चिमः उसी प्लॉट का बाकी हिस्सा, उत्तरः ब्लॉक-A, दक्षिणः फ़्लैट नंबर 104-B।

**आरक्षित मूल्य: 29,57,400/-, ईएमडी 2,95,740/-, बोली वृद्धि राशि: 1,00,000/-**

**ई-नीलामी की तिथि और समय:03.08.2026 - सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक (प्रत्येक बार 3 मिनट का असीमित विस्तार)।**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि:01.08.2026। संपत्ति निरीक्षण की तिथि: नियुक्ति के अनुसार।**

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com वेबसाइट देखें। ई-नीलामी के बारे में जानकारी, मदद, प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए, इच्छुक बोलीदाता M/s. 4 Closure से संपर्क कर सकते हैं (संपर्क व्यक्तिः श्री नितेश पवार, फोन नंबरः 8142000725, ईमेल: nithesh@bankauctions.in)।
2. नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए या ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं या श्री अमित शर्मा (फोनः 7566766000) / श्री अभिजीत देशपांडे (फोनः 9867000553) से संपर्क करें।

**यह सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6), 8 और 9 के तहत बिक्री का 15 दिन का कानूनी नोटिस भी है।**

**दिनांक: 13.07.2026**
**स्थान: इन्दौर**

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 50/सिविल/26-27/ग्रुप न.-01 से ग्रुप न.-12 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 09.07.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_520336_1 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 58 के अन्तर्गत सदर बाजार कब्रिस्तान में आवश्यक सिविल कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 120 दिवस ₹18,24,843/- | ₹2,000/- ₹13,700/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 02 | 2026_UAD_520338_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र.11 के अन्तर्गत भागीरथपुरा में पूजा टेन्ट वाली गली एवं समीप गलियों की क्षतिग्रस्त सड़कों का सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 120 दिवस ₹18,09,555/- | ₹2,000/- ₹13,600/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 03 | 2026_UAD_520339_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत पंचरत्न अपार्टमेंन्ट मनोरमागंज से शेख हातिम गार्डन मनोरमागंज तक क्षतिग्रस्त रोड़ के स्थान पर नवीन रोड़ का निर्माण करना। (पंचम आमंत्रण) | 180 दिवस ₹22,58,936/- | ₹5,000/- ₹17,000/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 04 | 2026_UAD_520342_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत पंचशील नगर में आशा काकी के घर से चौराहा तक सीमेन्टीकरण करना। (आठवा आमंत्रण) | 90 दिवस ₹4,03,035/- | ₹2,000/- ₹4,100/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 05 | 2026_UAD_520343_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अन्तर्गत कलालकुई मस्जिद के पीछे नाले पर जाली लगाना। (पंचम आमंत्रण) | 60 दिवस ₹1,34,750/- | ₹1,000/- ₹2,700/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 06 | 2026_UAD_520344_1 | शाला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 80 में स्थित शा.मा.वि. क्र. 48 धनवंतरी नगर के पुराने जर्जर भवन को तोड़ना। (दसवा आमंत्रण) | 60 दिवस ₹1,98,574/- | ₹1,000/- ₹4,000/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 07 | 2026_UAD_520346_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अन्तर्गत सुंदर नगर गड्डा, जगन्नाथ नगर गली न. 01 व 02 एवं राम नगर स्थानों पर बेकलाईन से कचरा, मलवा, गाद एवं गंदगी की सफाई कर सीमेन्ट कांक्रीट करना। (तृतीय आमंत्रण) | ₹180 दिवस ₹25,99,803/- | ₹5,000/- ₹19,500/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 08 | 2026_UAD_520347_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 के अन्तर्गत भागीरथपुरा में आर.के. नमकीन के सामने वाली गली से खेत वाली अम्मा के घर तक एवं समीप गलियों का चौड़ीकरण कर सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। (पंचम आमंत्रण) | 180 दिवस ₹33,63,481/- | ₹5,000/- ₹25,300/- | 24-07-2026 6.00 PM 27-07-2026 |
| 09 | 2026_UAD_520348_1 | झोन क्र.13 वार्ड क्र 78 के अन्तर्गत बिजलपुर स्थित पिपल चौक, शहतुत चौक, पटवारी मोहल्ला, रविदास मोहल्ला, प्रजापत मोहल्ला, इन्दौरी मोहल्ला आदि संबंधित गलियों में क्षतिग्रस्त सड़कों का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (छटा आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,40,95,474/- | ₹12,500/- ₹70,500/- | 22-07-2026 6.00 PM 24-07-2026 |
| 10 | 2026_UAD_520349_1 | झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 58 के अन्तर्गत महापौर निधि से राम मंदिर सुभाष चौक पानी की टंकी पार्किंग से इमली बाजार चौराहा तक की सड़क एवं बेकलेन (माणक चौक इमली बाजार से बोहरा मस्जिद तक) सीमेन्ट कांक्रीट कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य करना। (छटा आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,58,99,008/- | ₹12,500/- ₹79,500/- | 22-07-2026 6.00 PM 24-07-2026 |
| 11 | 2026_UAD_520371_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 के अन्तर्गत वृंदावन कॉलोनी, पेनजॉन कॉलोनी, महेश गार्ड लाईन एवं आदि स्थानों पर पेव्हर ब्लॉक लगाना तथा संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹31,84,880/- | ₹5,000/- ₹23,900/- | 22-07-2026 6.00 PM 24-07-2026 |
| 12 | 2026_UAD_520372_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59 के अन्तर्गत नंदलालपुरा सब्जी मण्डी में जोशी कॉम्पलेक्स वाली गली में सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹13,59,300/- | ₹2,000/- ₹10,200/- | 22-07-2026 6.00 PM 24-07-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

**कार्यपालन यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।